भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.09.2023

## आरेडिका में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत काव्य पाठ एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 16.09.2023 से 29.09.2023 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने में प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री अमरनाथ दूबे के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न कार्यक्रमों जैसे– साहित्यिक रचनाओं, काव्यपाठ, नुक्कड़ नाटक, साहित्यिक प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, राजभाषा शब्दावली अनुवाद, वाक् प्रतियोगिता, प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन आदि के माध्यम से हिंदी में अपनी रुचि का परिचय दिया।

आगे इसी कड़ी में राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दिनांक–25.09.2023 को काव्य पाठ का आयोजन किया गया जिसमें कुल 22 प्रतिभागियों ने हिंदी में अपनी काव्य प्रतिभा का परिचय दिया । दिनांक 26.09. 2023 को नुक्कड़ नाटक का मंचन एवं हिंदी साहित्य प्रश्नोत्तरी में आधुनिक काल की कविताओं एवं उपन्यासों पर बनी हिंदी फिल्मों से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

महाप्रबंधक महोदय, श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि, राजभाषा के रूप में हिंदी को विकसित करने में आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं तथा राजभाषा विभाग पाठकों को बेहतर पाठन सामग्री उपलब्ध करा रहा है।

26/9/2023

(आर.एन.तिवारी)

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी